
झील का दैत्य


वैल बिरो



गूमड्रॉप कार और उसके मालिक मिस्टर जोशिया ओल्डकैसल छुट्टी मनाने के लिए स्कॉटलैंड जा रहे हैं, वे एडिनबर्ग पहुँचते हैं, लेकिन उनका असली गंतव्य प्रसिद्ध झील "लोच नेस" है, जहाँ वे पौराणिक राक्षस की तस्वीर खींचने की उम्मीद करते हैं. जब वे वहां पहुंचते हैं तो ऐसा लगता है कि कई अन्य लोगों का भी वही सोच है - वहां अखबार के पत्रकारों और अमेरिकी फिल्म निर्माताओं का एक जमघट जमा है!

झील का दैत्य

वैल बिरो



'यही जीवन है!' मिस्टर जोशिया ओल्डकैसल ने खुशी-खुशी कहा. वो स्कॉटलैंड में छुट्टी पर थे, जो बहुत अच्छा था. अगस्त का सूरज उनकी पीठ को गर्म कर रहा था. उससे भी बेहतर था; कि वो अपनी पुरानी कार (विंटेज कार) गमड्रॉप चला रहे थे.


'और क्या,' उन्होंने अपने कुत्ते होरेस से कहा, 'मैं बहुत सारी तस्वीरें लूंगा, और अगर हम खुशनसीब हुए तो हमें शायद लोच नेस मॉन्स्टर (झील का दैत्य) भी दिख जाए!'





यह सब ठीक था, पर सच यह था कि किसी ने भी आजतक झील के दैत्य को नहीं देखा था और न ही किसी ने उसका कोई अच्छा फोटो लिया था. इसलिए आश्चर्य से होरेस ने 'वूफ़' कहा.

सबसे पहले वे एडिनबर्ग गए. वहां पर त्योहार का समय था और शहर में बड़ी भीड़ थी. लोगों को पुरानी कार गमड्राप इतनी अच्छी लगी कि तमाम दर्शक उसे ही देखने के लिए उमड़ पड़े. मिस्टर ओल्डकैसल शहर की तस्वीरें नहीं ले पाए, इसलिए उन्होंने दर्शकों की ही फोटो खींची जिनमें एडिनबर्ग की भी कुछ पृष्ठभूमि आई.





लोच नेस झील के रास्ते में एक बड़ी लॉरी सड़क के बीच खड़ी थी और उसके कारण आगे जाना संभव न था. लॉरी के बगल में तीन आदमी खड़े थे, वे स्कॉटलैंड की पोशाक "किल्ट्स" और "प्लैड्स" पहने थे.

'चलो, अंत में हमें कुछ असली स्कॉट्समैन तो दिखे!'

मिस्टर ओल्डकास्टल ने कहा और उन्होंने तुरंत उनकी तस्वीर खींची.

'हमारी फोटो लेना बंद करो!' उनमें से सबसे बड़ा मिकबर्प चिल्लाया.


उसे फोटो खिंचवाने से नफरत थी.

'अपनी पुरानी कार को हटाओ!' बीच वाला मिकलर्क बोला.

उन्हें पुरानी विंटेज कारों की कोई कद्र नहीं थी.

'मुझे इस कम्बख्त कुत्ते से बचाओ!'

उनमें से सबसे छोटे मिकस्निक ने कहा.






वो तीनों आदमी इतने असभ्य थे कि मिस्टर ओल्डकैसल ने गाड़ी आगे बढ़ाने का फैसला किया. मिस्टर ओल्डकैसल को उनका स्कॉटिश लहज़ा भी कुछ अजीब लगा!


जब वे झील लोच नेस पहुंचे, तो वहां पहले से ही बहुत सारे फ़ोटोग्राफ़र इकट्ठे थे, 'आप बिलकुल ठीक समय पर आए हैं,' उनमें से एक ने कहा.

अमेरिका से आये प्रोफेसर वुपरटेकर ने कहा, 'हमें यह बताया गया था कि झील का दैत्य (मॉन्स्टर) कल सुबह ज़रूर दिखाई देंगा!'

फोटोग्राफर्स ने कहा कि झील के दैत्य की एक अच्छी तस्वीर के लिए अखबारों के मालिक हजारों पाउंड का भुगतान करने को तैयार थे.



लेकिन मिस्टर ओल्डकास्टल ने अपने ही दम पर झील के दैत्य को खोजने की कोशिश की.
वो एक शांत जगह खोजने के लिए झील के किनारे चले गए.
उन्होंने पानी के बाहर देखा और अचरज किया कि क्या वाकई में वहां कोई दैत्य था?
झील को निहारने की बजाए उन्हें सड़क पर निगाह रखनी चाहिए थीं, क्योंकि अचानक एक बड़ी लॉरी उनकी तरफ घूमकर आई!
बहुत कोशिश करने के बाद भी उनकी गाडी गमड्रॉप सड़क से फिसल गई और नीचे झील में जाकर गिर गई! छपाक!



मिस्टर ओल्डकास्टल और होरेस बड़ी मुश्किल से किनारे की सूखी जमीन पर वापस आने में कामयाब रहे, लेकिन उनकी गाड़ी गमड्रॉप पानी में आधी डूब गई.





'तुम्हें सही सबक मिला!' लॉरी का ड्राइवर चिल्लाया जो मिकबर्प के अलावा और कोई नहीं था.
'अब तुम अपनी गाड़ी को खुद से बाहर निकालो!' मिकलर्क बोला.
'और यह काम तुम फटाफट करो,' मिक स्निक ने चेतावनी दी, 'क्योंकि हमें कल इस स्थान की ज़रुरत पड़ेगी!'
और फिर वे तीनों लोग अपनी लारी से धूल का बादल उड़ाते हुए चले गए.

मिस्टर ओल्डकास्टल ने गमड्रॉप को बाहर खींचने की कोशिश की, लेकिन यह उनके लिए गाड़ी को बाहर निकालना संभव नहीं था. 'अब अंधेरा हो रहा है और आसपास कोई नहीं है. हमें बस सुबह तक इंतजार करना होगा,' उन्होंने होरेस से कहा. फिर वो दोनों वहीं पर लेटकर सो गए.







अचानक मध्य रात के बीच में होरेस भौंका और मिस्टर ओल्डकास्टल की आँख खुली. क्या वो अभी भी सपना देख रहे थे? गमड्रॉप कार धीरे-धीरे झील के किनारे से ऊपर उठ रही थी और फिर सड़क पर सुरक्षित रूप से आ गई थी! मिस्टर ओल्डकास्टल ने अपनी आँखें मलीं. उन्होंने देखा कि कोई भी गमड्रॉप को ऊपर से नहीं खींच रहा है. तो निश्चित ही कोई उसे नीचे से धक्का दे रहा होगा! झील पर तमाम लहरें बन रही थीं और पानी से एक बड़ी पूंछ जैसी कोई चीज बाहर निकली हुई थी, क्या..,? कौन,..? पक्का नहीं...




हाँ, वो खुद लोच नेस मॉन्स्टर (झील का दैत्य) खड़ा था! तो राक्षस वाकई में असली था! मिस्टर ओल्डकास्टल बेहद चकित थे. लेकिन वो अपने शिष्टाचार को नहीं भूले, 'थैंक यू मैडम!' उन्होंने हकलाते हुए कहा.



'कोई बात नहीं!' श्रीमती नेस्सी को अपनी नरम स्कॉटिश आवाज़ में जवाब दिया, 'हमें पानी में जंग लगने के लिए एक पुरानी गाडी को नहीं छोड़ना चाहिए!' फिर उन्होंने कहा कि वो कल आने वाले सभी फोटोग्राफरों से बहुत चिंतित थीं, 'मुझे उन भयानक फ्लैश कैमरों और भीड़ से बहुत डर लगता है," उन्होंने एक कांपती हुई आवाज़ में कहा. मिस्टर ओल्डकास्टल ने उनकी बात सुनी और उनकी मदद करने का फैसला किया.



'मेरे पास एक उपाय है, मैडम. अगर आप मेरी गाड़ी गमड्रॉप में बैठेंगी तो मैं आपको पास की एक अन्य झील में ले जाऊंगा जहां आप तब तक सुरक्षित रूप से रह सकेंगी जब तक सब हंगामा ख़त्म नहीं हो जाता.'



मिसेज नेसी को गमड्रॉप में सवारी करने में ख़ुशी महसूस हुई. वो मुश्किल तमाम गमड्रॉप में बैठीं और फिर गाड़ी धीरे-धीरे आगे चली. होरेस, दैत्य की पूंछ की रक्षा करने के लिए गमड्रॉप के पीछे-पीछे भागा.

दैत्य को सुरक्षित रूप से दूसरी झील में छोड़ने के बाद, मिस्टर ओल्डकास्टल सुबह लोच नेस झील पर वापस गए. महल के खंडहर के पास उनकी लॉरी वाले असभ्य लोगों से दुबारा मुलाक़ात हुई. वे सभी अब मुस्कुरा रहे थे, 'दैत्य आज सुबह दिखाई देगा,' अपने गलत स्कॉटिश लहजे में मिकबर्प ने कहा, 'दर्शकों को केवल 10 पाउंड फीस देनी पड़ेगी!'



मिस्टर ओल्डकास्टेल गुस्से में अपनी गाड़ी चलाते हुए आगे गए, 'फोटोग्राफर के लिए केवल 100 पाउंड फीस!' मोटे मिकलर्क ने कहा, 'पूरे कॉपीराइट के साथ!' मिकस्नीक ने जोड़ा.




लेकिन मिस्टर ओल्डकास्टल कुछ बुदबुदाते हुए आगे बढ़े.

आज दैत्य को देखने का आखिरी दिन था इसलिए झील के तट पर दर्शकों, फोटोग्राफर्स और पत्रकारों की भीड़ लगी थी. उन सभी लोगों ने दैत्य को देखने और उसकी तस्वीरें खींचने के लिए भारी फीस चुकाई थी और वो दैत्य के प्रकट होने का बड़ी बेसब्री से इंतज़ार कर रहे थे. मिस्टर ओल्डकास्टल खुद हैरान थे. अब भला झील में से क्या उभर सकता है?






और तभी एक विशाल दैत्य एक कॉर्क की तरह झील की गहराई में से ऊपर उठा. उससे झील में विशाल लहरें पैदा हुईं, और भीड़ कैमरे से उसके फोटो क्लिक करती रही. उसकी विशाल पूंछ एक चाप में तट के किनारे पर लोगों को गिराती रही. 'यह तो बहुत खतरनाक है!' मिस्टर ओल्डकास्टल चिल्लाए और वो तुरंत गमड्रॉप को तेजी से एक सुरक्षित दूरी पर ले गए.



लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी, और दैत्य की पूंछ गमड्रॉप के सामने वाले पहिए से ज़ोर से टकराई. गमड्रॉप ने गुस्से में अपना हॉर्न बजाया और फिर दैत्य की पूंछ को अपने अगले पहिये की स्पोक में फंसाकर उसे गोल-गोल, कसकर घुमाया, जिसका भयानक परिणाम निकला.



लॉच नेस दैत्य का विस्फोट हो गया! एक फ़्लैश में वो दानव एक हजार टुकड़ों में फटकर चारों ओर उड़ गया. एक टुकड़ा प्रोफेसर व्हॉपरटेकर के पास जाकर गिरा. उससे प्रोफेसर अपनी पीठ पर गिर पड़े. फिर उन्होंने उठ कर देखा.





'वो दैत्य प्लास्टिक का है!' प्रोफेसर चिल्लाए, 'वो दैत्य फर्जी है! असली दैत्य कभी था ही नहीं!!'

दूसरों ने प्रोफेसर का चिल्लाना सुना और फिर अपने कैमरे गमड्रॉप की ओर किए जिसने सचमुच में दैत्य की सच्चाई का पहली बार खुलासा किया था. अब मिस्टर ओल्डकास्टल पत्रकारों से घिरे हुए थे, लेकिन उन्होंने सुरक्षित मिसेज़ नेसी के बारे में किसी से एक शब्द भी नहीं कहा.





यह शरारत निश्चित रूप से मिकबर्प और उसके दोस्तों की साजिश थी. वे लंदन के बदमाश थे जिन्हें बर्प और लर्क और स्नीक के नाम से जाना जाता था, और वो खुदको झूठे स्कॉट्समैन के रूप में पेश कर रहे थे. पर अब जब उनके प्लास्टिक राक्षस का विस्फोट हो गया था, तो उन्होंने वहां से तुरंत भागने की तैयारी की.

बहुत कम लोगों को पता था कि होरेस इस बीच उनकी लॉरी में गया और चुपचाप उनके पैसों का बैग लेकर भागा!

यह उन चोरों की ही गलती थी –

क्योंकि उन्हें अपने सॉसेज उसी बैग में रखे थे!





मिस्टर ओल्डकास्टल ने होरेस को उसकी चतुरता के लिए शाबाशी दी और फिर सभी फोटोग्राफरों और दर्शकों के पैसे वापस करे, और होरेस ने सॉसेज खा लिए. अगली सुबह सभी अखबारों की सुर्खियों में था:

राक्षस मिथक का पर्दाफाश!

राक्षस? ऐसा जैसा कुछ भी नहीं है!

गमड्रॉप ने दैत्य को मौत के घाट उतारा!


विंटेज कार ने दैत्य का खुलासा किया!

प्रत्येक पेपर में यह भी खबर थी कि:


होरेस ने चोरों के बैग से पैसे निकाले

और हर पेपर में गम ड्रॉप और होरेस की तस्वीर भी थी.

अगली सुबह मिस्टर ओल्डकास्टल गुमड्रॉप के साथ दूसरी झील में गए जहाँ पर मिसेस नेसी थीं. वो मिसेस नेसी को दुबारा लोच नेस झील में वापिस ले गए. मिसेस नेसी ने अगले दिन उनसे फोटो लेने के लिए आने को कहा.



दोपहर के समय श्रीमती नेसी मुस्कुराते हुए बाहर निकलीं, और उनकी बगल में, उनके पति मिस्टर दैत्य और उनके पांच पांच छोटे बच्चे एक पंक्ति में खड़े थे! और फिर मिस्टर जोशिया ओल्डकास्टल ने उनकी ऐसी तस्वीर खींची जिन्हें दुनिया ने पहले कभी नहीं देखा था.



लेकिन उन्होंने मिसेज़ नेस्सी से वादा किया कि वो उन फोटो को कभी किसी को नहीं दिखाएंगे. आखिरकार, लोच नेस दैत्य नकली था और फट गया था और उस जैसी कोई चीज़ नहीं थी!

फिर उस दिन के बाद से, गमड्रॉप की मदद के कारण मिसेस नेसी और उनका परिवार शांति से रह सका.



समाप्त